## सरकार का बहीखाता

मोदी सरकार पार्ट-टू के पहले बजट में कहने को तो बहुत कुछ है मगर फिर भी अप्रत्याशित जैसा कुछ नहीं है। पहली पूर्णकालिक महिला वित्तमंत्री के रूप में बजट को परंपरागत ढंग के बजाय बहीखाते की तर्ज पर लाल कपड़े के रूप में पेश करने ले जाना चर्चा का विषय रहा। वहीं किस मद में कितना धन आवंटित किया जायेगा, इसका जिक्र न होना भी चौंकाता है। कहावतों, शे'र व पौराणिक संदर्भों के बीच पेश बजट में जहां मध्य वर्ग को 45 लाख तक के हाउसिंग लोन में अतिरिक्त डेढ़ लाख तक की छूट दी गई, वहीं पेट्रोल-डीजल पर सेस लगाकर मध्य वर्ग पर बोझ भी डाला गया। जैसी कि उम्मीद थी कि महिला वित्तमंत्री होने के नाते महिलाओं के लिये कुछ?खास होगा, उन्होंने महिलाओं को निराश भी नहीं किया। 'नारी तू नारायणी' के कथन के साथ ही स्वामी विवेकानंद का कथन भी दोहराया कि महिलाओं की स्थिति में सुधार से ही दुनिया बेहतरी की तरफ बढ़ सकती है। उन्होंने घोषणा की कि सरकार महिला केंद्रित योजनाओं के लिये समिति बनायेगी, जिसमें सरकारी व निजी क्षेत्र के विशेषज्ञ होंगे, जो महिलाओं को विकास के रास्ते पर बढ़ने के प्रेरित करेंगे। महिलाओं के स्वयंसेवी समूहों को प्रोत्साहित करने के लिये हर जिले में उनके लिये फंड की व्यवस्था की घोषणा भी की गई। साथ ही जन धन खाते वाली समूह सदस्य को पांच हजार के ओवरड्राफ्ट की सुविधा भी मिलेगी। वहीं मुद्रा स्कीम के तहत स्वयंसेवी समूह की एक सदस्या को एक लाख तक कर्ज देने का प्रस्ताव किया गया। हालांकि, वर्तमान में बेरोजगारी की ऊंची दर और रोजगार संकट का बजट में कोई जिक्र नहीं किया गया, मगर युवाओं से जुड़े कुछ प्रावधानों का जिक्र किया गया जो उन्हें गैर-परंपरागत क्षेत्रों में काम करने के लिये प्रेरित करेंगे, जिससे सरकार की बेरोजगारी की चिंता को महसूस किया जा सकता है।

वित्तमंत्री ने उस शिक्षा नीति को लागू करने का जिक्र किया, जिसमें नये शोधों को प्रमुखता दी जायेगी। इसके लिये चार सौ करोड़ रुपये के बजट की घोषणा भी की गई। इसके अलावा उच्च शिक्षा में शोध की गुणवत्ता को बल देने के लिये 'नेशनल रिसर्च फाउंडेशन' का प्रस्ताव रखा गया। इसे प्रभावी बनाने ?और वित्तीय संसाधनों के विस्तार के नजरिये से अन्य मंत्रालयों से मिलने वाली छात्रवृत्तियों और फेलोशिपों का इसमें समावेश किया जायेगा। युवाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिये अलग से 'स्टार्टअप टीवी चैनल' लॉन्च करने का भी निर्णय किया गया है, जिसे स्टार्टअप से जुड़े युवा ही चलाएंगे। दूसरी ओर प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से एक करोड़ युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया। इसके अलावा शहरी-ग्रामीण युवाओं के बीच डिजिटल डिवाइड को भी कम करने का प्रयास होगा। साथ ही युवाओं को रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा थ्री-डी प्रिंटिंग से जुड़े प्रशिक्षण भी दिये जायेंगे। बहरहाल बजट में हर वर्ग के लिये खट्टा-मीठा सब कुछ है । एक बात यह है कि किसानों को लेकर कोई बड़ी घोषणा नहीं हुई। अंतरिम बजट में पांच लाख तक की आय को करमुक्त रखने को बरकरार रखा गया। हां, अमीरों पर करों का बोझ थोड़ा बढ़ा है। दो से पांच करोड़ आय वर्ग पर तीन फीसदी व सात करोड़ आय वर्ग वाले के लिये सात फीसदी सरचार्ज वृद्धि का प्रस्ताव है। एनपीएस से साठ फीसदी रकम एक साथ निकालने को परिप[ता के समय टैक्स फ्री करने का प्रस्ताव है। एक सुविधा यह भी कि आयकर रिटर्न भरते समय आधार कार्ड भी पैन कार्ड की जगह काम कर सकता है। वहीं पर्यावरण की चुनौती कम करने के लिये इलेक्ट्रिक वाहनों के लोन के ब्याज में डेढ़ लाख की अतिरिक्त छूट मिलेगी। हां, डीजल-पेट्रोल पर एक रुपये का सेस लगाना तथा बैंक खाते से साल में एक करोड़ से अधिक की राशि निकालने पर दो फीसदी टीडीएस लगाना कुछ लोगों को अखर सकता है।

## आधार से टैक्स जमा करने वालों को आयकर विभाग खुद जारी करेगा पैन



नईदिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) प्रमुख ने कहा है कि सिर्फ आधार के जरिए आयकर रिटर्न दाखिल करने वाले व्यक्ति को नई व्यवस्था के तहत आयकर विभाग स्वतः ही एक पैन जारी कर देगा।दरअसल, बजट में यह प्रस्ताव किया गया है कि इस कार्य के लिए सिर्फ बायोमीट्रिक पहचान पत्र ही पर्याप्त है। यह नई व्यवस्था दोनों डेटाबेस (आधार और पैन) को जोड़ने के लिए की गई है।

सीबीडीटी के अध्यक्ष प्रमोद चंद्र मोदी ने कहा कि पैन (स्थाई खाता संख्या) की उपयोगिता निश्चित तौर पर खत्म नहीं हुई है और हालिया बजट में दोनों डेटाबेस (पैन और आधार) को एक-दूसरे की जगह इस्तेमाल करने के लिए एक जैसा बताया जाना एक अतिरिक्त सुविधा है जो उन्हें जोड़े जाने को सुनिश्चित करेगा, जो कि अब कानून के तहत अनिवार्य है।

उन्होंने कहा, ऐसे मामलों में जहां आधार का संदर्भ दिया जा रहा है और वहां पैन का उल्लेख नहीं है, वहां हम (आयकर रिटर्न जमा करने वाले) व्यक्ति को पैन आवंटित करने की संभावना के बारे में सोच सकते हैं। दरअसल, सीबीडीटी प्रमुख से पूछा गया था कि क्या वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट भाषण में किए गए प्रावधान के बाद आयकर (आईटी) विभाग द्वारा जारी पैन की उपयोगिता नहीं रह जाएगी।

उन्होंने कहा, यह इस मुद्दे को गलत तरीके से देखा जाना है। निश्चित तौर पर पैन की उपयोगिता खत्म नहीं हो रही। पैन की उपयोगिता बनी रहेगी। यह आयकर जमा करने वालों को अतिरिक्त सुविधा मुहैया कराने की कोशिश भर है कि अगर वह पैन का उल्लेख नहीं कर रहा और उसके पास केवल आधार है तो आयकर रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया प्रभावित नहीं हो। उन्होंने आगे कहा कि विभाग के आकलन करने वाले अधिकारी पैन आवंटित करने की अपनी शक्ति का इस्तेमाल करेंगे।

## शुरुआती कारोबार में रुपया 16 पैसे कमजोर

मुंबई (आरएनएस)। शुरुआती कारोबार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे टूटकर 68.58 पर खुला। इसकी अहम वजह विदेशी निवेशकों का बिकवाली करना रही। मुद्रा कारोबारियों के अनुसार हालांकि अन्य विदेशी बाजारों में डॉलर के कमजोर पड़ने और कच्चे तेल की कीमतें नरम पड़ने के चलते रुपये में यह गिरावट थमी है। विदेशी निवेशकों के निकासी करने और शेयर बाजारों में भारी बिकवाली की वजह से रुपये में कमजोरी देखी गयी है। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स करीब 405 अंक और निफ्टी 128 अंक गिरा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 68.49 के कमजोर रुख के साथ खुला और जल्द ही यह 16 पैसे की गिरावट के साथ 68.58 रुपये प्रति डॉलर पर चल रहा है।

## सरकारी बैंकों में 70,000 करोड़ की पूंजी डालने से अर्थव्यवस्था को मिलेगी रफ्तार : एसएंडपी

नईदिल्ली (आरएनएस)। आम बजट 2019-20 में सरकारी बैंकों को 70,000 करोड़ रुपये की पूंजी दिए जाने का प्रस्ताव उनकी ऋण देने की स्थिति मजबूत करेगा। साथ ही यह समय से अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने में भी मदद करेगा। वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने अपने एक नोट में यह बात कही। उल्लेखनीय है कि सरकार ने शुक्रवार को पेश बजट में सरकारी बैंकों में 70,000 करोड़ रुपये की पूंजी डालने का प्रस्ताव किया है। एसएंडपी ने 'भारत का बजट: वित्तीय क्षेत्र में विश्वास की कमी को दूर करने का प्रयास' शीर्षक नोट में कहा कि सरकार का यह कदम (सरकारी बैंकों में पूंजी डालना) से बैंकिंग क्षेत्र और अर्थव्यवस्था के लिए ऋण माहौल सुधारने वाला है।




## विप्रो-इंफोसिस को महंगा पड़ेगा शेयर बायबैक, चुकाना होगा 20 प्रतिशत टैक्स

नईदिल्ली (आरएनएस)। बजट 2019-20 के एक प्रस्ताव ने बायबैक की प्लानिंग में लगी लिस्टेड कंपनियों को तगड़ा झटका दिया है. दरअसल वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में लिस्टेड कंपनियों के शेयर बायबैक पर 20 फीसदी टैक्स का प्रस्ताव रखा है. सरकार के इस फैसले से दिग्गज आईटी कंपनी इंफोसिस और विप्रो को शेयर बायबैक करना महंगा पड़ सकता है. बता दें कि देश की दूसरी बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस 8600 करोड़ रुपये का शेयर बायबैक कर रही है. वहीं दिग्गज आईटी सर्विसेज कंपनी विप्रो भी 10,500 करोड़ रुपये के बायबैक ऑफर का ऐलान किया है.

विप्रो की तरफ से रेग्युलेटरी फाइलिंग के मुताबिक, विप्रो के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 16 अप्रैल को हुई मीटिंग में कंपनी के 32,30,76,923 शेयर बायबैक करने के प्रपोजल को मंजूरी दी. ये शेयर कंपनी में 6.35त्न हिस्सेदारी के बराबर होंगे और उनकी खरीदारी पर 325 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से 10,500 करोड़ रुपये तक की रकम खर्च की जाएगी. कंपनी ने कहा कि बायबैक ऑफर नियमानुसार टेंडर रूट के जरिए कंपनी के मौजूदा शेयरहोल्डर्स को दिया जाएगा.

अभी तक लिस्टेड कंपनियों पर बायबैक के दौरान किसी तरह की देनदानी नहीं बनती थी, हालांकि निवेशकों को शेयर बेचने से हुए फायदे पर 10 फीसदी टैक्स चुकाना होता था.




बजट प्रस्ताव के मुताबिक, बायबैक में शेयर बेचने से हुए फायदे पर निवेशकों को कोई टैक्स नहीं चुकाना होगा. हालांकि इसमें एक पेंच यह है कि टैक्स की देनदारी शेयरों के इश्यू प्राइस और बायबैक प्राइस के अंतर पर बनेगी.

## डीजल के दाम घटे, पेट्रोल के भाव लगातार दूसरे दिन स्थिर

नईदिल्ली (आरएनएस)। डीजल के दाम में सोमवार को गिरावट दर्ज की गई जबकि पेट्रोल के भाव लगातार दूसरे दिन स्थिर रहे। तेल विपणन कंपनियों ने डीजल के दाम में दिल्ली में 10 पैसे, कोलकाता में पांच पैसे, मुंबई में 10 पैसे और चेन्नई में 14 पैसे प्रति लीटर की कटौती की है। आम बजट 2019-20 में पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क और उपकर में वृद्धि के बाद शनिवार को पूरे देश में दोनों वाहन ईंधनों के दाम में भारी इजाफा हो गया, जिसके बाद पहली बार डीजल में उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत मिली है।



इंडियन ऑयल की बेवसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में सोमवार को पेट्रोल के दाम पूर्ववत क्रमशः 72.96 रुपये, 75.15 रुपये, 78.57 रुपये और 75.76 रुपये प्रति लीटर बने हुए हैं। हालांकि, चारों महानगरों में डीजल के दाम नई कटौती के बाद घटकर क्रमशः 66.59 रुपये, 68.54 रुपये और 69.80 रुपये और 70.34 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में आम बजट पेश करते हुए पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद कर और सड़क अवसंरचना उपकर में एक-एक रुपये की वृद्धि की घोषणा की।

## हरित प्रमाणपत्रों की बिक्री जून में 22 प्रतिशत गिरकर 6.98 लाख इकाई रही

नईदिल्ली (आरएनएस)। नवीकरणीय ऊर्जा पर आधारित हरित प्रमाणपत्रों की एक्सचेंज में खरीद-फरोख्त जून में 22 प्रतिशत घटकर 6.98 लाख इकाई रही। यह एक साल पहले इसी माह में इनकी 8.96 लाख इकाइयों का लेनदेन हुआ था। जून में आपूर्ति कम होने से इनकी बिक्री प्रभावित हुई है। देश में इन प्रमाणपत्रों की खरीद-बिक्री इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) और पावर एक्सचेंज ऑफ इंडिया (पीएक्सआईएल) पर हर महीने के अंतिम बुधवार को की जाती है।




आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इस बार जून में आईईएक्स पर 4.19 लाख और पीएक्सआईएल पर 2.78 लाख प्रमाणपत्रों की खरीद-फरोख्त हुई। वे विनिर्माण इकाइयां जो प्रदूषण उत्सर्जन के नियमों को प्रत्यक्ष रूप से पूरा नहीं कर पाती, वह हरित ऊर्जा इकाइयों के प्रमाणपत्र खरीदती हैं।

## बजट से स्टार्टअप कंपनियों के लिए नियामकीय अनुपालन में आसानी : नासकॉम

नईदिल्ली (आरएनएस)। सूचना प्रौद्योगिकी एवं सॉफ्टवेयर सेवा कंपनियों के संगठन नासकॉम ने इस आम बजट में स्टार्टअप कंपनियों की सुविधा के लिए उठाए गए कदमों की सराहना की है। नासकॉम ने कहा कि इससे स्टार्टअप कंपनियों में निवेश करने में आसानी होगी। साथ ही उनके ऊपर नियम एवं करों के अनुपालन का बोझ भी कम होगा। नासकॉम की कार्यकारी परिषद के सदस्य कुनाल बहल ने कहा, '' एंजल कर के मामले में निवेश के मूल्यांकन संबंधी कागजात की जांच में छूट एक सराहनीय कदम है। इस बजट से स्टार्टअप कंपनियां यह उम्मीद कर सकती हैं कि उनके लिए नियामकीय झंझटें कम होंगी और कर अनुपालन का बोझ भी घटेगा।

## सेमीफाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका, दो खिलाड़ी हुए चोटिल

एजबस्टन (आरएनएस)। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को आईसीसी विश्वकप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले बड़ा झटका लगा है। टीम के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा शेष टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं जबकि गेंदबाज मार्कस स्टोयनिस का चोटिल होने के कारण सेमीफाइनल में खेलना संदिग्ध माना जा रहा है।



ख्वाजा और स्टोयनिस को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्वकप में लीग चरण के आखिरी मुकाबले में चोट लग गयी थी। ऑस्ट्रेलिया के कोच जस्टिन लेंगर ने पुष्टि की है कि ख्वाजा तीन से चार सप्ताह तक मैदान से बाहर रहेंगे।

ऑस्ट्रेलिया ने ख्वाजा के कवर के तौर मैथ्यू वेड को बुलाया है और उसे ख्वाजा की जगह विकेटकीपर बल्लेबाज वेड को टीम में शामिल करने के लिए आईसीसी की इवेंट तकनीकी समिति की मंजूरी की जरुरत होगी। ऑस्ट्रेलिया का सेमीफाइनल में मेजबान इंग्लैंड से 11 जुलाई को यहां मुकाबला होना है।

ख्वाजा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी लीग मैच में 326 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाजी के दौरान चोट लग गयी थी। ऑस्ट्रेलिया के सामने ख्वाजा के बाहर हो जाने के बाद स्टोयनिस की चोट भी एक बड़ी समस्या है। ऑस्ट्रेलिया ने वेड को ख्वाजा के कवर के तौर पर बुलाया है और साथ ही स्टोयनिस के कवर के तौर पर मिशेल मार्श को भी बुलाया है। यदि जरुरत पड़ती है तो मार्श को स्टोयनिस की जगह टीम में शामिल किया जाएगा।

## आज का राशिफल

मेषः- आज आपको शासन द्वारा सम्मानित किए जाने की संभावना रहेगी। यदि आप किसी व्यक्ति , बैंक या संस्था से कर्ज लेना चाहें तो कदापि न लें, आज लिए गए कर्ज का उतरना कठिन रहेगा।

वृषभः- आज का दिन आप बहुत व्यस्त रहेंगे। निर्णय लेने की क्षमताओं का आपको आज लाभ मिल सकता है। आज रूके हुए कार्यों की पूर्ति होगी।

मिथुनः- आज आप फिजूल के खर्चे से बचें। यदि आप किसी शारीरिक रोग से पीड़ित हैं तो आज कष्ट की वृद्धि हो सकती है। सामाजिक क्रियाकलापों में व्यवधान उपस्थित होगा।

कर्कः- भाग्य की दृष्टि से आज का दिन उत्तम रहेगा। आपके परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

सिंहः- आज का दिन मिश्रित फलकारक है। माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से दिन के उत्तरार्ध में राहत मिलेगी। ससुराल पक्ष से आज नाराजगी के संकेत मिलेंगे।

कन्याः- आज आपमें निर्भीकता का भाव रहेगा तथा साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे। आपको अपने माता-पिता का सुख सहयोग रूप से प्राप्त होगा।

तुलाः- आज का दिन आपके लिए शुभकारक है। आपके अधिकार व संपत्ति में वृद्धि होगी। आज आप अपने गुरू के प्रति पूर्ण भक्ति भाव व निष्ठा रखें।

वृश्चिकः- आज आपका मन अशांत एवं परेशान हो सकता है। व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। सांयकाल तक आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे।

धनुः- आज आपकी विद्या, ज्ञान की वृदि होगी। आपके अंदर दान पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी। आप धार्मिक अनुष्ठानों में रूचि लेकर पूर्ण सहयोग करेंगे।

मकरः- बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति के साथ अनावश्यक खर्चे सामने आएंगे। अपने व्यवसाय में आपका मन लगेगा एवं रूके कार्य पूर्ण हो जाएंगे।

कुंभः- आज का दिन बुद्धि विवके से नई खोज करने में व्यतीत होगा। आपको अपने परिजनों से विश्वासघात होने की आशंका है। सांसारिक सुख भोग, का सुख पूर्ण रूप से मिलेगा।

मीनः- संतान से संबंधित किसी विवाद का हल निकल आएगा। सामाजिक सम्मान मिलने से आपका मनोबल बढ़ा रहेगा।

## उसल पोहा बनाने की विधि...



### सामग्रीः

मूंगदाल धुली भिगोकर उबाला हुआ 1 कप, पोहा भिगोया हुआ 1 कप, ऑइल आधा बड़ा चम, राई आधा छोटा चम्मच, जीरा आधा छोटा चम्मच, हरी मिर्च बारीक कटा हुआ 1, कड़ी पत्ते 5, प्याज़ कटा हुआ 2, हल्दी का पावडर एक चौथ छोटा चम्मच, नमक स्वादानुसार, चीनी 1 चुटकी, ताज़ा हरा धनिया कटा हुआ 2 बड़े चम्मच

### विधिः

एक नॉन स्टिक पैन में तेल गरम करें, उसमें राई और जीरा डालें और उन्हे फूटने दें. फिर हरी मिर्च और कढ़ी पत्ते डालकर आधा मिनिट तक भूनें. अब प्याज़, हल्दी पावडर डालकर आधे मिनिट तक भूनें. फिर मूंग दाल डालकर अच्छी तरह मिलाएँ और दो मिनिट तक भूनें. पोहा डालकर अच्छी तरह मिलाएँ और पोहा गरम होने तक पकाएँ. फिर नमक और चीनी डालकर अच्छी तरह मिलाएँ. हरा धनिया से सजाकर गरमागरम परोसें.


## शब्द सामर्थ्य- 19

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हर्षिदान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाली 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 18 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | | ब | नि | या | | दे |
| बा | | ती | त | र | | रा | जी | व |
| ह | मा | म | | स | प | ना | | ता |
| | न | | | | टा | | | |
| दा | व | त | | वि | ना | श | | अ |
| य | | ह | त्या | | | ह | जा | ना |
| रा | ह | त | | न | ज | र | | व |
| | वा | | | | मी | | ना | श्य |
| दु | ला | रा | | जा | न | की | | क |

## सू-दोकू- 19

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.18 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |